Need to set up an Indian Institute of Management in Gorakhpur, Uttar Pradesh

श्री रवि किशन (गोरखपुर): गोरखपुर उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल का सबसे बड़ा महानगर है। गोरखपुर शिक्षा व्यापार और पर्यटन का एक बड़ा केंद्र भी है। पूर्वांचल बिहार के लगभग 20 जिले अपने विभिन्न जरूरतों के लिए गोरखपुर पर निर्भर है। यहां रेलवे का बहुत बड़ा नेटवर्क है तथा यहां एयरपोर्ट भी है। गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों के छात्र बड़े मेधावी हैं। उनमें अपार संभावनाएं हैं। वे प्रबंधन की पढ़ाई करना चाहते हैं लेकिन गोरखपुर में प्रबंधन संस्थान ना होने के कारण उन्हें काफी दूर जाना पड़ता है। समाज के आर्थिक रूप से कमजोर, दलित और वंचित वर्ग के छात्र संसाधनों की कमी के कारण अपने सपनों को अधूरा छोड़ देते हैं। गोरखपुर में एक भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) के स्थापना हो जाने से यहां के छात्र-छात्राओं को अध्ययन करने का अवसर प्राप्त होगा जिससे इस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा । गोरखपुर में भारतीय प्रबंधन संस्थान की स्थापना के लिए जो भी सहायता चाहिए, उसे राज्य सरकार उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। अतः मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि गोरखपुर में एक भारतीय प्रबंधन संस्थान की स्थापना करने की दिशा में तत्काल निर्णय लेकर इस क्षेत्र के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण योगदान देने की कृपा करें।